अनुसूचित जाति उप योजना के अन्तर्गत एक दिवसीय किसान प्रशिक्षण एवं प्रक्षेत्र भ्रमण, काजरी, प्रादेशिक अनुसंधान स्थात्र, बीकानेर

भा.कृ.अनु.प.– केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, प्रादेशिक अनुसंधान स्थात्र, बीकानेर में अनुसूचित जाति उप योजना के अर्न्तगत दिनाँक 24. 09.2022 को एक दिवसीय किसान प्रशिक्षण एवं प्रक्षेत्र भ्रमण का आयोजन किया गया। जिसमें गाँव चानी, गोलरी एवं इन्दो का बाला तहसील कोलायत के 50 अनुसूचित जाति के महिला एवम् पुरूष किसानों को प्रशिक्षण एवम् अनुसंधान फार्म में भम्रण के दौरान उन्नत फसलों के बारें में जानकारी दी गई तथा सजीव फसल वाटिका प्रर्दशन दिखाया गया। फार्म पर प्रायोगिक प्रक्षेत्र प्रर्दशन में फसल की विभिन्न किस्मों (मोठ व बाजरा), खेजड़ी, सेंजना एवम् अरडू के साथ कृषि–वानिकी प्रणालिया आदि के बारे में डॉ एन.एस.नाथावत एवम् सुब्बुलक्ष्मी ने जानकारी दी। मशरूम युनिट तथा एकीकृत कृषि प्रणालियॉ के बारे में डॉ. एम.एल.सोनी तथा डॉ. बीरबल ने किसानों को बताया। डॉ. एन.डी. यादव, अध्यक्ष, काजरी आर.आर. एस.,बीकानेर ने शुष्क क्षेत्रों में सतत् कृषि उत्पादन हेतु एकीकृत कृषि प्रणालिया तथा प्रादेशिक अनुसंधान केन्द्र की विस्तृत जानकारी दी।डॉ. जी.एल.बागड़ी, प्रधान वैज्ञानिक एवम् प्रशिक्षण समन्वयक ने किसानों की आय बढ़ाने में स्वयं सहायता समूह का महत्व समझाया गया एवम् भविष्य के लिए अति उतम सुझाव दियें। सभी वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को फसलों के बारें में दी गयी जानकारी एवं सुझाव से किसान काफी सन्तुष्ट दिखें एवं अपनी संकाओं का समाधान पर विस्तार में वैज्ञानिकों से चर्चा की। अनुसूचित जाति उप–योजना के अन्तर्गत सभी लाभावन्ति 50 किसानों को 5–5 किलो0 मल्टी न्यूट्रेनट मिक्सर पशुओं को खिलानें के लिए दिया गया।